प्रारूप - 11

1.5

# NOTE FOR JUSTIFICATION

**परियोजना का नाम :–** जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत नौलापुर–खेतु–केदारगली–कोणागाड़–घोडियाणा – बीरोंखाल मोटर मार्ग का नव निर्माण। लम्बाई 10.000 कि0मी0 वास्तविक लम्बाई 7.950 कि0मी0

उपरोक्त विषयक सम्बन्धित कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या 2855/111 (2)/11–39(प्रा0आ0)/2011 दिनांक 06.07.2011 द्वारा 10.000 लागत रू0 126.00 लाख की प्राप्त हुई है। (शासनादेश की छाया प्रति संलग्न है) यह मार्ग दिवोली–बन्दरकोट–थबडिया–नौलापुर–केदारगली मोटर मार्ग के अन्त से आरम्भ होकर 7.950 कि0मी0 लम्बाई में एन0एच0 121 स्थित राजकीय पालिटैक्निक कालेज (नाकुरी) बीरोखाल के पास जुडेगा। इस मार्ग के निर्माण से 1. नौलापुर, 2. खेतू 3. केदारगली, 4. कोणागाड़ 5. घोडियाणा ग्राम लाभान्वित होंगे। उक्त ग्रामों की आबादी क्रमशः 212, 69, 67, 55, व 147 है। इस प्रकार इस मोटर मार्ग के निर्माण से कुल 550 जनसंख्या लाभान्वित होगी जो कि अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुडी है। इस मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गांव की महिलाये पानी, लकडी, चारा आदि लेने के लिए दूर जाती है, मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वे अपने घर व पाल्यों को अधिक समय दे पायेंगे, जिससे की पाल्यों का लालन पालन तथा पठन पठान ठीक से होगा तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर हो जायेगी। गांव मे चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नये अवसर मिलगें। ग्रामवासियों द्वारा अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

इस मार्ग के निर्माण हेतु विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त 02 समरेखणों पर विचार किया गया है। नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया समरेखण दिवोली–बन्दरकोट–थबडिया–नौलापुर– केदारगली मोटर मार्ग के अन्त से प्रारम्भ होकर बीरोंखाल को। इस समरेखण मे 7.950 कि0मी0 लम्बाई में केवल 02 हेयर पिन बैण्ड कि0मी 6.000 व 7.000 में आते हैं। इस समरेखण का अधिकाश भाग नाप भूमि से गुजरता है, जिस हेतु ग्रामवासियों द्वारा सहमति दी गई है। इस समरेखण मे टैरेन कास स्लोब $25^0$ से $60^0$ तक है तथा तकनीकी दृष्टि से यह समरेखण उपयुक्त पाया गया है। इस मोटर मार्ग के निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली भूमियों में आरक्षित वन भूमि शून्य, सिविल वन भूमि 0.945 है0 वन पंचायत भूमि 1.485 है0 इस प्रकार कुल वन भूमि 2.430 है0 है। जो न्यूनतम एवं अपरिहार्य है एवं नाप भूमि 6.300 है0 प्रयुक्त की जानी है। समरेखण के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नहीं पड़ता है। नक्शे मे बैंगनी रंग से दर्शाया गया समरेखण वैकल्पिक निरस्त समरेखण है। जो कि तकनीकी रूप से उपयुक्त नही है। क्योंकि इस समरेखण मे हेयर पिन बैण्ड की संख्या अधिक है तथा इस पर अधिक व्यय होगा। एवं मार्ग की लम्बाई भी अधिक होगी। उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 02 को निरस्त कर समरेखण नं0 01 को अनुमोदित किया जाता है।

वनभूमि हस्तानान्तरित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत यह प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|
| निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 | निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 |
| बैजरो (गढ़वाल) | बैजरो (गढ़वाल) | बैजरो (गढ़वाल) |

Alternate Road
Existing Road
Muck Disposal
Proposed Road